अनुक्रमांक : ......................................

कूट सं. : 8-21-22 H(H)–A

कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में कुल 21 प्रश्न हैं और कुल 16 पृष्ठ हैं।

# कक्षा-आठवीं

# हिंदी (Higher)

# वार्षिक परीक्षा (2021-2022)

**निर्धारित समय : 3 घंटे** | **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

- इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं– खंड 'अ' और 'ब'।
- दोनों खंड अनिवार्य हैं।
- खंड 'अ' में कुल 14 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं सभी प्रश्नों में उप-प्रश्न दिए गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए ही प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
- खंड 'ब' में कुल 7 वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए ही प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
- प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमशः एक साथ लिखिए।
- उत्तरपुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए, जो प्रश्न पत्र में दी गई है।

## खंड-'अ' (वस्तुपरक प्रश्न)

### (अपठित गद्यांश)

1. नीचे दो गद्यांश दिए गए हैं। किसी एक गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 5

**गद्यांश-1**

**यदि आप इस गद्यांश का चयन करते हैं तो कृपया उत्तरपुस्तिका में लिखिए कि आप प्रश्न संख्या-1 में दिए गए गद्यांश-1 पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिख रहे हैं।**

भारत देश सभ्यता और संस्कृति की धरोहर है। यह आदिम संस्कृति की क्रीड़ा भूमि है। इसी देश ने ज्ञान की किरणें संपूर्ण विश्व में फैलाई। इसी देश ने वेदों का ज्ञान समस्त संसार को दिया। इसी पुण्य धरा ने गीता के निष्काम कर्म की व्याख्या प्रदान की। इसी ने रामायण और महाभारत की गाथाएँ

संपूर्ण मानव जाति को सुनाई। ज्ञान, विज्ञान, धर्म, संस्कृति, सभ्यता और सांस्कृतिक परंपरा के लिए हमारा देश एक प्रकाश स्तंभ की तरह है। हमारा देश प्राकृतिक संपदाओं से युक्त है। हिममंडित पर्वत शिखर, हरे-भरे लहलहाते खेत, केसर की घाटी कश्मीर, प्राकृतिक सुषमा से भरपूर केरल, पहाड़ों की गोद में बसे अत्यंत मनोरम प्राकृतिक नगर, भला कैसे अपनी ओर आकर्षित नहीं करेंगे। हमारा देश विभिन्न धर्मों और संस्कृतियों का अद्भुत संगम है। इसी देश ने भिन्न-भिन्न धर्मों और संस्कृतियों को फलने-फूलने का अवसर प्रदान किया। इसी संस्कृति में अनेक धाराएँ आकर मिलीं तथा एकरस, एक प्राण बन गईं।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर हेतु सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए–

(1) भारत को आदिम संस्कृति की क्रीड़ाभूमि क्यों कहा गया है?

(क) प्राकृतिक विभिन्नता के कारण (ख) प्रेम-सौहार्द के प्रचार-प्रसार के कारण

(ग) वेदों तथा पुराणों का प्रचार-प्रसार करने के कारण

(घ) विश्व बंधुत्व स्थापित करने के कारण

(2) 'हमारा देश एक प्रकाश स्तंभ की तरह है'। इस पंक्ति का क्या आशय है?

(क) समुद्र में जहाज़ों को दिशा दिखाने वाला

(ख) अंधकार दूर करने वाला

(ग) ज्ञान, विज्ञान और धर्म का प्रणेता

(घ) सब ओर प्रकाश फैलाने वाला

(3) भगवद्गीता में किसकी व्याख्या की गई है?

(क) कर्म करो, फल की चिंता मत करो

(ख) फल के अनुरूप कार्य करो

(ग) फल का निर्धारण करके कर्म करो

(घ) कर्म करने से पहले फल की चिंता करो

(4) केरल की कौन-सी विशेषता सबको अपनी ओर आकृष्ट करती है?

(क) सदा रहन-सहन (ख) लोक नृत्य

(ग) पारंपरिक वेशभूषा (घ) प्राकृतिक सौंदर्य

(5) 'हमारा देश विभिन्न धर्मों तथा संस्कृतियों का अद्‌भुत संगम है।' पंक्ति भारत की किस विशेषता को उजागर करती है?

(क) अनेकता में एकता (ख) एकता में अनेकता

(ग) धार्मिक उन्माद (घ) सद्‌भावना तथा विद्‌वेष

**अथवा**

**गद्‌यांश-2**

**यदि आप इस गद्‌यांश का चयन करते हैं तो कृपया उत्तरपुस्तिका में लिखिए कि आप प्रश्न संख्या-1 में दिए गए गद्‌यांश-2 पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिख रहे हैं।**

आज के विज्ञान के युग में प्रदूषण की समस्या एक बड़ी चुनौती बनकर सामने खड़ी है। उद्‌योगों के विस्तार के साथ-साथ प्रदूषण भी और अधिक बढ़ा है। धरती का वायुमंडल इतना विषैला हो गया है कि किसी भीड़ भरे चौराहे पर साँस लेने में भी दिक्कत महसूस होने लगती है। प्रकृति में जब तक संतुलन बना हुआ था, तब तक जल और वायु दोनों ही शुद्ध थे। अब वातावरण में निरंतर प्रदूषण बढ़ता ही जा रहा है। इस समय हमारे समक्ष सबसे बड़ी चुनौती पर्यावरण को बचाने की है क्योंकि पानी, हवा, जंगल, मिट्टी, नदी, समुद्र आदि सब प्रदूषित हो रहे हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण का महत्व बताया जाना चाहिए यही हमारे सुखी जीवन का आधार है। प्रकृति प्रदत्त तथा मानव के पुरुषार्थ से रचित पर्यावरण के बीच संतुलन होना ज़रूरी है, पर विकास की अंधी दौड़ में यह संतुलन कायम नहीं रहता।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर हेतु सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए-

(1) आधुनिक युग में प्रदूषण की समस्या का मुख्य कारण है-

(क) मानव की नि:स्वार्थता (ख) सीमित संसाधन

(ग) ज्ञान का अभाव (घ) उद्‌योगों का विस्तार

(2) धरती का वायुमंडल विषैला हो जाने का क्या दुष्परिणाम निकला?

(क) साँस लेने में दिक्कत (ख) पशु-पक्षियों का विलुप्त होना

(ग) मौसम में अनियमित बदलाव (घ) मानव में पुरुषार्थ का अभाव

(3) पर्यावरण हमारे लिए क्या महत्व रखता है?

(क) वैज्ञानिक प्रगति का आधार (ख) प्राणियों के सुखी जीवन का आधार

(ग) असुविधा पूर्ण जीवन का आधार (घ) वन्य जीव-जंतुओं का संरक्षक

(4) पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सबसे बड़ी बाधा क्या है?

(क) विकास की अंधी दौड़ (ख) आधुनिक अस्त्र-शस्त्र

(ग) मनुष्य का अहंकार (घ) पर्यावरण के प्रति संवेदनहीनता

(5) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक है–

(क) मानव का स्वार्थ (ख) विज्ञान की देन

(ग) पर्यावरण का महत्व (घ) जीवन का आधार

2. नीचे दो गद्यांश दिए गए हैं। किसी एक गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 5

**गद्यांश-1**

**यदि आप इस गद्यांश का चयन करते हैं तो कृपया उत्तरपुस्तिका में लिखिए कि आप प्रश्न संख्या-2 में दिए गए गद्यांश-1 पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिख रहे हैं।**

खुले आसमान में अपने पंख फड़फड़ाते हुए, चहचहाते हुए उड़ने वाले पक्षी प्रकृति की अनुपम देन हैं। बरसात के मौसम में काले बादलों को देखकर मोर का नाचना, श्वेत बगुलों का काले बादलों के बीच पंक्तिबद्ध होकर उड़ना, तोते का मीठे फलों में चोंच मारना, कोयल का कूककर वसंत और सावन के आने की सूचना देना आदि प्रकृति की सुंदरता में चार चाँद लगा देते हैं। पक्षी मनुष्य के मित्र होते हैं, ये कई कीड़े-मकोड़ खाकर खेतों की रक्षा करते हैं। दूसरी ओर मनुष्य ने ऊँची इमारतें, विशाल पुल, मेट्रो, बड़े-बड़े नगर और मॉल बनाकर असंख्य पेड़ों को काट डाला, पशु-पक्षियों का बसेरा उजड़ गया। वे अपने घरों और रोशनदान के समीप उन्हें घोंसला नहीं बनाने देते हैं। मोबाइल फोन की तरंगों के कारण गोरैया प्रजाति के पक्षी तो अब दिखाई भी नहीं देते हैं। मनुष्य को नहीं भूलना चाहिए कि इस पृथ्वी पर जितना अधिकार मनुष्य का है, उतना ही वृक्ष और पशु-पक्षियों का भी है। अतः अपनी सुख-सुविधाओं के लिए अपने बुद्धिबल से पक्षियों के जीवन को खतरे में डालना मानव के लिए उचित नहीं है।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर हेतु सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए–

(1) पक्षी को मनुष्य का मित्र कहा गया है–

(क) पेड़ों पर घोंसला बनाने के कारण

(ख) खेतों की कीड़े-मकोड़ों से रक्षा करने के कारण

(ग) प्रकृति को नुकसान पहुँचाने के कारण

(घ) प्राकृतिक सौंदर्य को ह्रास पहुँचाने के कारण

(2) मोबाइल फोन की तरंगों के कारण किस पक्षी की प्रजाति लुप्त हो रही है?

(क) कोयल (ख) तोता

(ग) बुलबुल (घ) गोरैया

(3) मनुष्य ने ऊँची इमारतें, बड़े-बड़े नगर और मॉल बनाकर पक्षियों को क्या नुकसान पहुँचाया?

(क) पक्षियों का आश्रय छीन लिया (घ) पक्षियों को पिंजरे में कैद कर दिया

(ग) पक्षी गति और उड़ान भूल गए (घ) पक्षी गीत नहीं गाते

(4) मनुष्य को क्या याद रखना चाहिए?

(क) अपने बुद्धिबल का प्रयोग करें

(ख) मनुष्यता के धर्म का पालन करें

(ग) पशु-पक्षियों को बराबरी का अधिकार दें

(घ) स्वयं को अधिक महत्त्व दें

(5) उपर्युक्त गद्यांश पाठक को क्या संदेश देता है?

(क) जल संरक्षण का (ख) पशु-पक्षियों की रक्षा का

(ग) वृक्षारोपण का (घ) मानवीय संसाधनों के संरक्षण का

**अथवा**

**गद्यांश-2**

**यदि आप इस गद्यांश का चयन करते हैं तो कृपया उत्तरपुस्तिका में लिखिए कि आप प्रश्न संख्या-2 में दिए गए गद्यांश-2 पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिख रहे हैं।**

मैं क्या हूँ, यह तो प्रत्यक्ष ही है। परंतु मैं क्या था, इस विषय का ज्ञान मेरे मित्रों और कृपालु हितैषियों को बहुत ही कम है। उन्होंने मुझे अनेक पत्र लिखे हैं, अनेक उलाहने दिए हैं, अनेक अनुरोध किए हैं; वे चाहते हैं कि मैं अपनी जीवन-कथा अपने ही मुँह से कह डालूँ। पर पूर्ण रूप से उनकी आज्ञा का पालन करने की शक्ति मुझमें नहीं। अपनी कथा कहते मुझे संकोच भी बहुत होता है क्योंकि उसमें कोई तत्त्व नहीं है। उससे कोई कुछ सीख भी तो नहीं सकता। तथापि जिन सज्जनों ने मुझे अपना कृपापात्र बना लिया है, उनकी आज्ञा का उल्लंघन भी धृष्टता होगी। अतएव, इस अवसर पर मैं अपने जीवन से संबंध रखने वाली कुछ बातें सूत्र रूप में सुना देना चाहता हूँ। नौकरी छोड़ने पर

मेरे मित्रों ने कई प्रकार से मेरी सहायता करने की इच्छा प्रकट की। किसी ने कहा, 'आओ, मैं तुम्हें अपना प्राइवेट सेक्रेटरी बनाऊँगा।' किसी ने लिखा, 'मैं तुम्हारे साथ बैठकर संस्कृत पढ़ूँगा।' किसी ने कहा, 'मैं तुम्हारे लिए एक छापाखाना खुलवा दूँगा' इत्यादि।

पर मैंने सबको अपनी कृतज्ञता की सूचना दे दी और लिख दिया कि अभी मुझे आपके सहायता दान की विशेष आवश्यकता नहीं। मैंने सोचा कि अव्यवस्थित चित्त मनुष्य की सफलता में सदा संदेह रखता है। क्यों न मैं अंगीकृत कार्य में ही अपनी सारी शक्ति लगा दूँ। प्रयत्न और परिश्रम की बड़ी महिमा है। अतएव 'सब तज हरि भज' की मिसाल चरितार्थ करता हुआ इंडियन प्रेस द्वारा प्रदत्त कार्य में ही अपनी सारी शक्ति खर्च करने लगा। जो थोड़ा बहुत अवकाश कभी मिलता तो उसमें अनुवाद आदि का कुछ काम और करता था।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर हेतु सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए–

(1) लेखक के मित्रों व हितैषियों को किस बात का ज्ञान बहुत कम है?

(क) लेखक की भूतकाल की परिस्थितियों का

(ख) लेखक की वर्तमान परिस्थितियों का

(ग) लेखक की परेशानियों का (घ) लेखक की क्षमताओं का

(2) लेखक अपनी जीवन कथा क्यों नहीं लिखना चाहते थे?

(क) उनके मित्र और हितैषी कम थे (ख) उनके पास कोई नौकरी नहीं थी

(ग) उनकी जीवन कथा में कोई तत्त्व नहीं था

(घ) उन्हें कथाशैली का ज्ञान नहीं था

(3) मन में असफलता का संदेह कौन रखता है?

(क) अव्यवस्थित चित्त मनुष्य (ख) कृपा पात्र व्यक्ति

(ग) मित्र और हितैषी रहित व्यक्ति (घ) प्रयत्न व परिश्रम करने वाला व्यक्ति

(4) नौकरी छोड़ने पर लेखक की सहायता करने की इच्छा किस-किसने व्यक्त की?

(क) परिवार वालों ने (ख) प्राइवेट सेक्रेटरी ने

(ग) मित्रों ने (घ) सहकर्मियों ने

(5) नौकरी से इस्तीफा देने के बाद लेखक ने किस काम में सारी शक्ति लगा दी?

(क) हरि भजन में (ख) संस्कृत अध्यापन कार्य में

(ग) अनुवाद के काम में (घ) इंडियन प्रेस द्वारा प्रदत्त कार्य में

**(व्यावहारिक व्याकरण)**

3. (i) निम्नलिखित में से किस विकल्प में अनुस्वार व अनुनासिक का उचित प्रयोग किया गया है? 1

(क) बांध, बँधन (ख) आंनद, आँधी

(ग) कँधा, महंत (घ) पंछी, चाँद

(ii) निम्नलिखित में से कौन-से शब्द में नुक्ता का उचित प्रयोग हुआ है? 1

(क) रुढ़ि (ख) कर्ज़

(ग) फ़ूल (घ) मिज़ाज

(iii) निम्नलिखित में से किस शब्द में 'र' का उचित प्रयोग नहीं है? 1

(क) क्रोध (ख) परिवर्तन

(ग) कृषक (घ) श्रम

4. (i) निम्नलिखित में से किस शब्द में 'अ' उपसर्ग का प्रयोग किया गया है? 1

(क) अभियान (ख) अजय

(ग) अनजान (घ) अपमान

(ii) 'चमकीला' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है? 1

(क) कीला (ख) ला

(ग) ईला (घ) आ

5. निम्नलिखित विकल्पों में से तत्सम–तद्भव का उचित विकल्प छाँटिए– 1

(क) निद्रा व. नींद (ख) दूध व दही

(ग) क्षेत्र व ग्राम (घ) काठ व कंटक

6. (i) निम्नलिखित में से 'मनुष्य' शब्द के पर्यायवाची हैं– 1

(क) मानव, स्त्री, अबला (ख) मानव, मनुज, नर

(ग) पुरुष, मानव, नारी (घ) मानव, नारी, तनुजा

(ii) 'यश' शब्द का उचित विलोम है– 1

(क) अपकीर्ति (ख) अपमान

(ग) अपयश (घ) अपव्यय

(iii) 'जो कहा जा सके' – वाक्यांश के लिए उचित शब्द का चयन कीजिए– 1

(क) कथनीय (ख) अकथनीय

(ग) अनकही (घ) वर्णित

7. (i) 'महौषध' शब्द का संधि-विच्छेद है– 1

(क) मह + औषध (ख) महौ + षध

(ग) मही + औषध (घ) महा + औषध

(ii) 'सत् + गति' शब्द की संधि है– 1

(क) सद्गति (ख) सत्गति

(ग) सन्गति (घ) संगति

8. (i) निम्नलिखित में से समस्तपद व समास के नाम का उचित विकल्प छाँटिए– 1

(क) प्रयोगशाला – तत्पुरुष (ख) पर्णकुटी – बहुव्रीहि

(ग) सप्तर्षि – अव्ययीभाव (घ) रातोंरात – कर्मधारय

(ii) 'त्रिलोक' समस्तपद का विग्रह और समास के नाम का उचित विकल्प है– 1

(क) तीन हैं लोक जिसके–बहुव्रीहि समास

(ख) त्रि और लोक–द्वंद्व समास

(ग) तीन लोकों का समूह–द्विगु समास

(घ) तीन लोक–तत्पुरुष

9. (i) 'मेरी वह साइकिल खो गई जो आप लाए थे।' रचना के आधार पर वाक्य-भेद है– 1

(क) सरल वाक्य (ख) मिश्रित वाक्य

(ग) संयुक्त वाक्य (घ) संकेतवाचक वाक्य

(ii) 'उसका रोम-रोम पुलकित हो उठा'। अर्थ के आधार पर वाक्य-भेद है– 1

(क) इच्छाबोधक वाक्य (ख) विस्मयादिबोधक वाक्य

(ग) विधानवाचक वाक्य (घ) संदेहबोधक वाक्य

10. (i) निम्नलिखित विकल्पों में से शुद्ध वाक्य का विकल्प छाँटिए– 1

(क) आकाश में अनेक पक्षी उड़ रहा है।

(ख) आकाश में अनेकों पक्षी उड़ रहे हैं।

(ग) आकाश में अनेक पक्षी उड़ रहे हैं।

(घ) आकाश में अनेकों पक्षी उड़ रही है।

(ii) निम्नलिखित में से किस वाक्य में उचित विराम-चिह्न का प्रयोग किया गया है? 1

(क) कल्पना की प्रारंभिक पढ़ाई-लिखाई टैगोर बाल निकेतन में हुई।

(ख) कल्पना की प्रारंभिक पढ़ाई लिखाई 'टैगोर बाल निकेतन' में हुई।

(ग) कल्पना की प्रारंभिक पढ़ाई-लिखाई, टैगोर बाल निकेतन में हुई।

(घ) कल्पना की प्रारंभिक पढ़ाई-लिखाई 'टैगोर बाल निकेतन' में हुई।

(iii) निम्नलिखित वाक्य को उचित मुहावरे द्वारा पूर्ण कीजिए– 1

भारतीय खिलाड़ियों का ओलंपिक खेलों में शानदार प्रदर्शन देख भारतवासी .................. उठे।

(क) गद्‌गद् होना (ख) पाँव जमीन पर न पड़ना

(ग) आसमान सिर पर उठाना (घ) आँखों में चमक आना

11. (i) 'काली घटा का घमंड घटा' में कौन-सा अलंकार है? 1

(क) उपमा (ख) रूपक

(ग) यमक (घ) मानवीकरण

(ii) जहाँ रूप, गुण आदि की समानता के कारण उपमेय में उपमान की संभावना या कल्पना की जाए, वहाँ ............................ अलंकार होता है। रिक्त स्थान की पूर्ति उचित विकल्प से कीजिए–

(क) अतिशयोक्ति (ख) उत्प्रेक्षा 1

(ग) श्लेष (घ) उपमा

**( पाठ्यपुस्तक )**

12. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के <u>सर्वाधिक उपयुक्त</u> विकल्पों का चयन कीजिए– 1×4=4

नाश के दुख से कभी
दबता नहीं निर्माण का सुख,
प्रलय की निस्तब्धता से
सृष्टि का नवगान फिर-फिर!
नीड़ का निर्माण फिर-फिर
नेह का आहवान फिर-फिर!

(1) नाश का दुख सहने के बाद ...................... अवश्य आता है। रिक्त स्थान की पूर्ति हेतु उचित विकल्प का चयन कीजिए–

(क) निर्माण का सुख (ख) नाश की स्मृतियाँ

(ग) तेज़ तूफान (घ) बादलों की गर्जन

(2) प्रलय के सन्नाटे से क्या उभर कर आता है?

(क) नव सवेरा | (ख) नव विचार
(ग) नव चेतना | (घ) नव गान

(3) 'नीड़ का निर्माण फिर-फिर' पंक्ति में 'फिर-फिर' शब्द का दो बार प्रयोग किस ओर संकेत करता है?

(क) शब्दों की पुनरावृत्ति | (ख) निरंतर प्रयास
(ग) नाश की प्रक्रिया | (घ) सुख-दुख

(4) कवि किसका आह्वान करता है?

(क) देवता | (ख) मेघ
(ग) बारिश | (घ) स्नेह

13. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर हेतु <u>सर्वाधिक उपयुक्त</u> विकल्पों का चयन कीजिए–5

शाह ने हँसकर उत्तर दिया, ''तुम्हारा कोई दोष नहीं। सुनो, मैं तुम्हें उत्तरी ईरान के एक प्रांत का गवर्नर बना रहा हूँ। वहाँ का शासन बिगड़ चुका है। सरकारी अधिकारी और कर्मचारी भ्रष्ट हैं। अराजकता फैली हुई है। सब लोग मनमानी कर रहे हैं। जान और माल सुरक्षित नहीं। चारों ओर हाहाकार मच रहा है। वहाँ तुम्हारे जैसे बुद्धिमान, ईमानदार और समझदार शासक की बड़ी आवश्यकता है। मुझे विश्वास है, तुम्हारे जाने से प्रांत के हालात ठीक हो जाएँगे।'' उसके वहाँ पहुँचते ही प्रांत के हालात सुधरने लगे। वह स्वयं हर स्थान पर जाता और लोगों से पूछता कि उन्हें क्या दुख है। वह नगर-नगर जाकर दरबार लगाता और दोषियों को सजाएँ देकर लोगों को न्याय दिलाता। प्रांत में शांति फैल गई। लोग नए गवर्नर के गुण गाने लगे।

(1) प्रस्तुत गद्यांश में 'तुम्हारे' सर्वनाम का प्रयोग किसके लिए किया गया है?

(क) सरकारी अधिकारी | (ख) कर्मचारी
(ग) दारा | (घ) शाह

(2) उत्तरी प्रांत के हालात कैसे थे?

(क) शांति व सद्भावना का वातावरण

(ख) भ्रष्टाचार व अराजकता का शासन

(ग) लोगों में मेल-मिलाप की भावना

(घ) ईर्ष्या व चाटुकारिता का बोलबाला

(3) शाह किन गुणों से युक्त व्यक्ति को उत्तरी प्रांत का गवर्नर बनाना चाहता था?

(क) बुद्धिमान, विनम्र और समझदार

(ख) बुद्धिमान, ईमानदार और नेकदिल

(ग) बुद्धिमान, ईमानदार और बलवान

(घ) बुद्धिमान, ईमानदार और समझदार

(4) शाह ने दारा को किस विश्वास के साथ उत्तरी ईरान की ओर भेजा?

(क) उत्तरी प्रांत के हालात में सुधार (ख) उत्तरी प्रांत की उन्नति

(ग) राजकीय कोष में वृद्धि (घ) शत्रु पर विजय

(5) लोग नए गवर्नर के गुण गाने लगे। क्योंकि वो–

(क) समझदार था (ख) न्यायप्रिय था

(ग) बुद्धिमान था (घ) शाह का विश्वासपात्र था

14. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के <u>सर्वाधिक उपयुक्त</u> विकल्पों का चयन कीजिए– 5

ईर्ष्या की बड़ी बेटी का नाम निंदा है। जो व्यक्ति ईर्ष्यालु होता है, वही व्यक्ति बुरे किस्म का निंदक भी होता है। दूसरों की निंदा वह इसलिए करता है कि इस प्रकार दूसरे लोग जनता अथवा मित्रों की आँखों से गिर जाएँगे और तब जो स्थान रिक्त होगा, उस पर अनायास मैं ही बिठा दिया जाऊँगा। मगर, ऐसा न आज तक हुआ है और न आगे होगा। दूसरों को गिराने की कोशिश तो अपने को बढ़ाने की कोशिश नहीं कही जा सकती। एक बात और है कि संसार में कोई भी मनुष्य निंदा से

नहीं गिरता। उसके पतन का कारण अपने ही भीतर के सद्‌गुणों का ह्रास होता है। इसी प्रकार कोई भी मनुष्य दूसरों की निंदा करने से अपनी उन्नति नहीं कर सकता। उन्नति तो उसकी तभी होगी जब वह अपने चरित्र को निर्मल बनाए तथा अपने गुणों का विकास करे।

(1) निंदा को ईर्ष्या की बड़ी बेटी कहा गया है। क्योंकि–

(क) ईर्ष्यालु व्यक्ति ईर्ष्या की खान होता है।

(ख) ईर्ष्यालु व्यक्ति बुरे किस्म का निंदक भी होता है।

(ग) ईर्ष्यालु व्यक्ति निंदा करना पसंद नहीं करता।

(घ) ईर्ष्यालु व्यक्ति सभी का प्रशंसक भी होता है।

(2) निंदक दूसरों की निंदा किस कारण करता है?

(क) दूसरों की नज़र में ऊँचा उठने के लिए

(ख) अपने दोष छिपाने के लिए

(ग) क्रोध को अभिव्यक्त करने के लिए

(घ) आनंद प्राप्ति के लिए

(3) मनुष्य के पतन का प्रमुख कारण क्या होता है?

(क) चिंता में निमग्न रहना (ख) दूसरों द्वारा की गई निंदा

(ग) सद्‌गुणों का ह्रास (घ) प्रतिद्वंद्विता

(4) मनुष्य किस प्रकार उन्नति कर सकता है?

(क) दूसरों को नज़रों से गिराकर (ख) दूसरों को हानि पहुँचाकर

(ग) गुणों को कुंठित बनाकर (घ) चरित्र को निर्मल बनाकर

(5) दूसरों को गिराने की कोशिश को अपने को बढ़ाने की कोशिश मान लेना .................... है।

(क) सही (ख) गलत

(ग) सुकर्म (घ) उन्नति

## खंड-ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

### (पाठ्यपुस्तक)

15. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर 25–30 शब्दों में लिखिए– 2×3=6

(क) गाँधी जी की कुटी में किसकी बैठक होने वाली थी? गाँधी जी ने उस बैठक के लिए क्या-क्या तैयारियाँ कीं?

(ख) पिंजरे में बंद पक्षी करुण स्वर में किसे पुकार रहा है और क्यों? 'हम पंछी उन्मुक्त गगन के' कविता के आधार पर लिखिए।

(ग) कृष्ण किससे तथा क्या शिकायत कर रहे हैं? 'सूर और तुलसी के पद' पाठ के आधार पर लिखिए।

(घ) कल्पना चावला के सर्वाधिक महत्वपूर्ण गुण क्या थे? किन्हीं दो गुणों का उल्लेख कीजिए।

16. निम्नलिखित में से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर 30–40 शब्दों में लिखिए– 3×2=6

(क) 'राजेश्वरी प्रगतिशील विचारधारा वाली स्त्री है।' राजेश्वरी के कौन-से कथन इस बात की पुष्टि करते हैं? 'बहू की विदा' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(ख) माली ने सोना को बाँधना क्यों शुरू कर दिया था, तथा इसका क्या परिणाम हुआ? 'सोना' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(ग) सज्जनों की तुलना किससे की गई है? सज्जनों को बार-बार क्यों मना लेना चाहिए? 'दोहे' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए।

17. 'भोलाराम ने पंप लगाया' पाठ में किस सामाजिक समस्या पर व्यंग्य किया गया है? भोलाराम ने पंप लगवाने के लिए जो प्रक्रिया अपनायी क्या वह उचित थी? प्रक्रिया का वर्णन करते हुए अपने विचार लिखिए।

**अथवा** 4

श्रीधर को देखकर लेखक का अपने ऊपर झुंझलाना कहाँ तक उचित था? हमें अपने आत्मविश्वास को बढ़ाने व बनाए रखने के लिए क्या-क्या करना चाहिए? 'पौधे के पंख' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए।

## ( लेखन )

18. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर (80–100 शब्दों में) अनुच्छेद लिखिए– 5

(क) जल ही जीवन है

- पानी तेरे रूप अनेक
- पानी जीवन का अनिवार्य तत्त्व
- जल संरक्षण और शुद्धिकरण

(ख) भारत के राष्ट्रीय पर्व

- राष्ट्रीय पर्व का अभिप्राय
- प्रमुख राष्ट्रीय पर्व
- एकता के प्रतीक

(ग) ऐसी वाणी बोलिए, मन का आपा खोय

- वाणी की शक्ति
- वाणी का महत्त्व
- वाणी की कठोरता का दुष्परिणाम
- वाणी संयम पर बल

19. आपके मोहल्ले में बच्चों के खेलने के लिए किसी प्रकार की व्यवस्था नहीं है। नगर निगम के अध्यक्ष को पत्र लिखकर बाल उद्यान बनवाने की प्रार्थना कीजिए। 5

**अथवा**

आपके विद्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह किस प्रकार मनाया गया? इसके विषय में बताते हुए मित्र को पत्र लिखिए।

20. हेलन केलर तथा कल्पना चावला के संघर्षमयी जीवन पर दो मित्रों के मध्य हुए वार्तालाप को संवाद रूप में लिखिए। 5

**अथवा**

'तेज़ गति से वाहन चलाते हुए पकड़े जाने पर ट्रैफिक पुलिस अधिकारी व वाहन चालक में हुई बातचीत को संवाद रूप में लिखिए।

21. खेल विभागाध्यक्ष की ओर से विद्यालय की हॉकी टीम के चयन हेतु आयोजित होने वाले शिविर से संबंधित एक सूचना 25 से 30 शब्दों में लिखिए। 5

**अथवा**

भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विद्यालय के सभी सदनों के इच्छुक छात्रों को आमंत्रित करते हुए छात्र सचिव की ओर से एक सूचना 25 से 30 शब्दों में लिखिए।

❒❒❒